CAFE - 02

December - Examination 2015

CAFE Examination

एच.आई.वी./एड्स पर ऐच्छिक पाठ्यक्रम

Paper - CAFE - 02

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

निर्देश : प्रश्न पत्र तीन भागों में विभाजित है, अ, ब एवं स प्रत्येक खण्ड में दिए गए निर्देशों का पालन अनिवार्य है।

(खण्ड – अ)

निर्देश : सभी दस प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रत्येक उत्तर की अधिकतम सीमा 30 शब्द हैं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। 2 x 10 = 20

1) (i) एच.आई.वी. रोग में कौनसे दो प्रकार के इलाज कराने पड़ते है ?

(ii) एच.आई.वी. संक्रमित माता से स्तनपान द्वारा बच्चे को संक्रमण का खतरा कितना संभावित है ?

(iii) एस.टी.डी. किस प्रकार फैलता है ?

(iv) महिला सशक्तिकरण से आप क्या समझते हैं ?

(v) समलैंगिक, इतरलिंगकामी एवं उभयलिंगी की परिभाषा लिखिये।

(vi) सुन्नत या खतना क्या है ?

(vii) अन्त:शिरा (Intravenous) मादक द्रव्य व्यसनी से आप क्या समझते हैं?

(viii) थैलेसीमिया रोग के कारण एवं लक्षण लिखिये।

(ix) एड्स अन्य रोगों से भिन्न क्यों हैं ?

(x) राहतकारी देखरेख क्या है ?

(खण्ड – ब)

निर्देश : निम्नलिखित में से कोई चार प्रश्न हल कीजिये। प्रत्येक प्रश्न की अधिकतम सीमा 200 शब्द है। सभी प्रश्नों के अंक समान है –

10 x 4 = 40

2) एड्स शिक्षा के मूलभूत लक्ष्य कौन–कौनसे हैं?

3) एच.आई.वी. पीड़ित व्यक्ति के परिवार की सहायता करने के लिए किन तरीकों से देखभालकर्ता मध्यस्थता कर सकता है ?

4) एड्स से मरने वाले रोगी से संबंधित प्रासंगिक घटक कौनसे है ?

5) एच.आई.वी. पीड़ित की राहतकारी देखभाल और सामान्य पीड़ित की देखभाल में क्या अन्तर है ?

6) एच.आय.वी. बीमारी का त्रिस्तरीय दर्द निवारक मॉडल को सुस्पष्ट कीजिए।

7) एड्स शिक्षा कार्यक्रमों की योजना के चरणों को सूचीबद्ध कीजिये।

8) माँ से शिशु में संचारण को कम करने अथवा पूरी तरह से रोकने के लिए उपलब्ध रोकथाम उपायों का वर्णन कीजिए।

9) 'सोनागाछी परियोजना' क्या है ?

(खण्ड – स)

निर्देश : निम्नलिखित में से कोई दो प्रश्न हल करीये। शब्द सीमा 500 सभी प्रश्नों के अंकसमान हैं। 2 x 20 = 40

10) एड्स और कानून से आप क्या समझते है ?

11) यौन संचारी रोग किन कारणों से होते है ? विस्तार से सुस्पष्ट कीजिए।

12) समुदाय पर एच.आई.वी./एड्स का क्या प्रभाव पड़ता है ?

13) हेपेटाइटिस बी रोग क्या है ? इसकी रोकथाम की विस्तृत व्याख्या कीजिए।